



# रामनगर क्षेत्र में अवैध उत्खनन का बोलबाला

## खनिज विभाग और प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी से उठ रहे सवाल

**नवभारत न्यूज**

**रामनगर 25 अप्रैल, नवगठित मैहर जिले के रामनगर तहसील अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में इन दिनों अवैध उत्खनन का काला कारोबार अपने चरम पर है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में मिट्टी, मुरुम, छ्छरी, बजरी, गिट्टी और बेशकीमती अयस्क की धड़ल्ले से चोरी हो रही है। इस खेल में जहाँ सीमेंट कंपनियाँ और



क्रेशर संचालक चांदी कूट रहे हैं, वहीं खदान मालिक सोने में खेल रहे हैं। दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन और खनिज विभाग जानकारी होने के बावजूद %जीरो% सक्रियता दिखा रहे हैं।

अधिकारियों का टालमटोल रवैया- हैरानी की बात यह है कि रामनगर के एसडीएम एस.पी. मिश्रा का कहना है कि खनन संबंधी कोई भी जानकारी जिले के खनिज विभाग से ही मिलेगी। वहीं, जब जिला कलेक्टर कार्यालय से ई-मेल के माध्यम से जानकारी मांगी जाती है, तो वहां बैठा कथित तौर पर निकम्मा और भ्रष्ट अमला चुप्पी साध लेता है। महीनों से सूचना के लिए किए जा रहे प्रयासों पर पानी फेरा जा रहा है, जिससे प्रशासन की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं।

### प्राकृतिक तंत्र पर प्रहार

अवैध खनन के कारण अरगट, जिगना, खोडरी, हिनौती, मर्यादपुर, सोनवर्षा, देवदहा, झिन्ना, कुबरी और पहाड़ से लगे तमाम गांवों में प्रकृति का कत्ल किया जा रहा है। पहाड़ों को काटने और वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से क्षेत्र का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है, जिसके परिणामस्वरूप बढ़ता तापमान आने वाले विनाश की कहानी कह रहा है।

### ग्रामीणों के लिए मौत का सामान

यह खनन न केवल पर्यावरण बल्कि स्थानीय ग्रामीणों, मासूम बच्चों, पशुओं और पक्षियों के लिए भी मौत का सामान साबित हो रहा है। गहरी और असुरक्षित खदानें किसी भी वक्त बड़े हादसे को निमंत्रण दे रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खबरें चलने पर केवल कोरम पूर्ति के लिए दिखावटी कार्यवाही की जाती है, जबकि मोटी कमाई और सांठगांठ के चलते जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है।

### नाली निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

**कोटर।** ग्राम पंचायत गोलहटा के सरपंच एवं सचिव के द्वारा नाली निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। लगभग 4 महीने से नाली रोड के किनारे खोदी पड़ी हुई है निर्माण सामग्री रोड में पड़ी हुई है बालू और गिट्टी में फिसल कर दो पहिया वाहन सवार



घायल हो रहे हैं आखिर रोड को बाधित करने का अधिकार सरपंच और सचिव को किसने दिया। सरपंच सचिव को फुर्सत नहीं है निर्माण की तरफ देखने की।नाली का निर्माण भी आधा अधूरा किया गया है। रामपुर ब्लाक के अधिकारियों की मिली भगत से सब हो रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र नाली निर्माण को पूरा कराया जाने की मांग की है।



## विधायक विक्रम सिंह के जन्मदिन पर हुआ फल वितरण

▶ ब्रह्माकुमारीज द्वारा की गई दीर्घायु होने कामना

**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 25 अप्रैल, रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया के जन्मदिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दिव्यदृष्टि सेवा परिषद के सचिव पुष्पराज कुशवाहा ने विधायक श्री सिंह को उनके निवास पहुंच कर पौधा भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं प्रेषित कीं।**

वहीं मुख्यबाजार के ब्यापारियों नें उन्हें फल से तौल कर दीर्घायु होने की कामना की इसी अवसर पर समाजसेवियों ने उनके जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया एवं विधायक कार्यालय में सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया। इसी महत्वपूर्ण अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सतना की मुख्य संचालिका राजयोगिनी डॉक्टर रानी दीदी एवं बीके अनीता द्वारा उन्हें सौगात भेंट कर उनके दीर्घायु होने की कामना की और लोगों ने विधायक श्री सिंह के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास हेतु उनके नेतृत्व की सराहना की।विधायक विक्रम सिंह ने इस अभिनव पहल के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पौधा भेंट करना वास्तव में एक सार्थक और दूरदर्शी सोच का प्रतीक है, जो समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान से बी के अनीता ने सौगात भेंट कर दीर्घायु होने की कामना की इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम आर एन खरे टीआई संदीप चतुर्वेदी बीएमओ राघवेन्द्र गुर्जर नायब तहसीलदार बीरेंद्र सिंह जयसूर नायब तहसीलदार राजीव शुक्ला सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष मृगेन्द्र सिंह परिहार संजय मिश्रा सरपंच संजीव सिंह पिंटू संजय शुक्ला ब्रजेश सिंह दलदल सागर सिंह सम्राट सिंह आशीष सिंह अम्बू संदीप गुप्ता कमलेश कचेर सौरभ सिंह भोलू शिवांक त्रिपाठी रामबली सिंह शैलेन्द्र निगम दिलीप सोनी अमृतलाल पांडेय शिवम त्रिपाठी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह पवन गौतम प्रदीप सिंह शिवमोहन सिंह सुनील सिंह कुबेर ताम्रकार सज्जाक खान गंगा सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## किसानों को जमीन का चार गुना मुआवजा ऐतिहासिक निर्णय : श्रीकृष्ण द्विवेदी

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 25 अप्रैल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय निर्णय लेते हुए प्राकृतिक आपदा या भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले किसानों को ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को चार गुना मुआवजा एवं शहरी क्षेत्र के किसानों को दो गुना मुआवजा देने की घोषणा की है।**

इस फैसले का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) ने नागौद क्षेत्र के किसानों की तरफ से प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए



कहा कि यह निर्णय भाजपा सरकार की किसानो के प्रति संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता तथा किसान हित की नीतियों को दर्शाता है एवं आने वाले समय में कृषि के क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी तथा भाजपा सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह निर्णय उसे दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा किसानों को उनकी जमीन का उचित मूल्य मिलेगा जिससे उनका भविष्य सुरक्षित होगा तथा किसानों की आय भी बढ़ेगी।

## नरसिंह पुराण कथा की निकली नगर में कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**उचेहरा 25 अप्रैल, नगर के प्राचीन नरसिंह अखाड़े ( जगन्नाथ धाम ) में होने जा रही नरसिंह पुराण कथा के उपलक्ष्य में नगर के संकट मोचन मन्दिर से भव्य कलश यात्रा ढोल नगाडे मंगल कलश के साथ नगर में निकाली गई।**

शोभा यात्रा में सजीव रूप में नरसिंह भगवान भक्त प्रहलाद दर्शन दे रहे थे वहीं कथा ब्यास पोंडी धाम श्री शिवसम्पत जी विराज मान थे अखा? के उत्तराधिकारी आयोजन के संयोजक सिद्ध गणेश दास जी पोथी अपने सर पर चल रहे थे।




संगीतमय कथा 29 अप्रैल तक शायम 5 बजे से हरिइच्छा तक प्रतिदिन चलेगी।

शोभायात्रा में अंजना ताम्रकार माया ताम्रकार विजय ताम्रकार छोटू ताम्रकार सुदीप मिश्रा पुरुषोत्तम लाल ताम्रकार कमलेश कुमार ताम्रकार लल्लू भैय्या सहित काफी संख्या में भक्त सम्मिलित हुए ज्ञात हो नगर मे पहली बार नरसिंह पुराण का वाचन किया जा रहा है।

आयोजक मंडल ने उक्त आयोजन में अधिक से अधिक श्रद्धालु जनो से पहुंच पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

## प्रशासनिक संवेदनहीनता और जलता क्षेत्र

**नवभारत न्यूज**

**बिरसिंहपुर 25 अप्रैल, नगर परिषद बिरसिंहपुर प्रशासन की घोर लापरवाही आज जनता के जीवन और संपत्ति पर भारी पड़ रही है। जब चारों ओर आग का तांडव हो, तब एकमात्र फायर ब्रिगेड का सहारा होना और उसका भी समय पर न पहुँचना प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता प्रमाण है।**

अधिकारियों का फोन न उठाना और प्रशिक्षित कर्मचारियों के अभाव में बिना सुरक्षा उपकरणों के अनुभवहीन लोगों को आग बुझाने भेजना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि उन युवाओं की जान से खिलवाड़ भी है। यह बेहद शर्मनाक है कि आग बुझाने जैसी आपातकालीन सेवा को %पिकनिक% समझकर बिना सायरन और बिना किसी गंभीरता के निभाया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा जानबूझकर गाड़ी खराब करने की साजिशें और सुबह की सूचना पर शाम को पहुँचना यह दर्शाता है कि यहाँ व्यवस्था पूरी




तरह चरमरा चुकी है। ऐसे गैर-जिम्मेदार तंत्र का कड़ा विरोध करना आज अनिवार्य हो गया है। लोगों के अनुसार कई गांवों के सरपंचों ने इसको गंभीरता से लिया भी नहीं तो अब आम जन और किसान किस्से उम्मीद लगाए? वहीं, हमारे किसान भाइयों को भी यह समझना होगा कि नरवाई (गेहूं के डंठल) जलाना समाधान नहीं, बल्कि अपनी ही जमीन का गला घोंटना है। आग की तपिश मिट्टी के मित्र कीटों और सूक्ष्मजीवों को खत्म कर उसे बंजर बना रही है। फसल अवशेष जलाने से जमीन की नमी, नाइट्रोजन और ऑर्गेनिक कार्बन नष्ट हो रहे हैं, जिससे भविष्य में पैदावार गिरना निश्चित है। रोटावेटर जैसे आधुनिक विकल्पों को अपनाकर अवशेषों को खाद में बदलें। प्रशासन की निष्क्रियता और अपनी खुद की छोटी सी गलती के कारण अपने पुरखों की उपजाऊ जमीन और मेहनत की कमाई को राख न होने दें। सजग बनें और इस विनाशकारी लापरवाही को रोकें।

## आज से 10 मई तक बिना हेलमेट दो पहिया चालकों पर होगी चालानी कार्यवाही

**मैहर 25 अप्रैल,** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर मैहर जिला पुलिस द्वारा कल 26 अप्रैल से 10 मई दोपहिया वाहन चालकों के बिना हेलमेट धारण करने के विरुद्ध कार्यवाही का अभियान चलाया जावेगा।

मैहर पुलिस ने सभी दोपहिया वाहन चालक से हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाने की अपील किया है।

कोई पुलिसकर्मी या शासकीय सेवक भी बिना हेलमेट लगाकर वाहन चलाता पाया गया तो उन पर भी चलानी कार्यवाही होगी और विभागीय रूप से भी दण्डित किया जाएगा।

## नगर परिषद जैतवारा में जनगणना प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**जैतवारा 25 अप्रैल, जनगणना कार्य निदेशालय एवं कलेक्टर सतना के निर्देशानुसार नगर परिषद जैतवारा में जनगणना कार्य हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतवारा में आयोजित हुआ, जिसमें चार्ज अधिकारी पंजाब सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षण संपन्न कराया गया।**

प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनरों के रूप में विष्णु प्रकाश विश्वकर्मा, गहलोतचंद पटेल एवं वीरेंद्र विश्वकर्मा द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान



जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, सर्वेक्षण पद्धति तथा ॥स्न्न् श्च्श्च के उपयोग के बारे में व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रतिभागियों को फील्ड में भ्रमण कराकर एचएलओ ऐप का प्रायोगिक परीक्षण (मॉक टेस्टिंग) भी कराया गया, जिससे उन्हें वास्तविक कार्य के लिए तैयार किया जा सके। इस अवसर पर नगर परिषद जैतवारा के चार्ज अधिकारी पंजाब सिंह, तहसीलदार आर पी मांझी , हल्का पटवारी मनोज पटेल जनगणना लिपिक लवलेश शर्मा, ट्रेनरगण सहित समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना कार्य को सुचारू, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराना रहा।




## ग्रामोदय विवि की प्रार्थना सभा में विविध प्रेरणादायी गतिविधियां आयोजित




**नवभारत न्यूज**


**चित्रकूट, 25 अप्रैल, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित मासिक प्रार्थना सभा श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियां दी गईं।**

सभा का प्रारंभ ओम् (?) उच्चारण, सरस्वती वंदना एवं कुलगीत से हुआ, जिसकी प्रस्तुति ग्रामीण विकास एवं प्रबंधन संकाय द्वारा की गई। इसके पश्चात प्रवीण पाण्डेय ने भगवद्गीता के श्लोक एवं उनके भावार्थ का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत हिमांशी सिंह ने गुरु तेगबहादुर सिंह के जीवन से प्रेरक प्रसंग साझा किए। पूजा त्रिपाठी ने "स्वास्थ्य ही संपत्ति है" विषय पर सारगर्भित भाषण दिया। अपर्णा सिंह द्वारा कृष्ण भजन की भावपूर्ण एकल प्रस्तुति दी गई।

प्रो0 साधना चौरसिया, उपकुलसचिव (अकादमी) ने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ0 राकेश श्रीवास्तव ने "मानसिक तनाव प्रबंधन" विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके उपरांत सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रेरणा गीत का सामूहिक गायन किया गया। इस मौके पर हुए विशिष्ट उद्बोधन के क्रम में प्रो देव प्रभाकर राय ने विचार व्यक्त किए। रघुपति राघव राजाराम भजन का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम का संचालन अर्पणा सिंह ने किया। कल्लू प्रसाद मिश्रा, हिमांशी सिंह, प्रवीण पाण्डेय, प्रशान्त मिश्रा, शुभांशु, विकास सिंह, सजल, अरुणिमा, पलक, वर्षा एवं विजया, अपर्णा सिंह सहित अनेक प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन सूचना प्रसारण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रो आञ्जनेय पांडेय, प्रो नन्द लाल मिश्रा, प्रो अमरजीत सिंह, प्रो आर सी त्रिपाठी, प्रो सी पी गुजर, आदि सहित शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## माँ मंदाकिनी के निर्मल, अविरल प्रवाह के लिए आरोग्यधाम में हुई दो दिवसीय कार्यशाला



**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 25 अप्रैल, दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा माँ मंदाकिनी के अविरल, निर्मल प्रवाह, सीवेज प्रबंधन एवं पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर 25-26 अप्रैल को आरोग्यधाम सभागार में दो दिवसीय विचार-विमर्श बैठक-सह-कार्यशाला एवं क्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है।**

जिसमें आईआईटी, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता हो रही है। कार्यशाला का शुभारंभ दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव श्री अभय महाजन के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। जिसमें उन्होंने कहा कि चित्रकूट के मूल स्वरूप को बनाये रखते हुए इसके विकास हेतु जनता की पहल एवं पुरूषार्थ तथा शासकीय व सामाजिक संगठनों के सामूहिक प्रयत्न से बेहतर बनाना है। डीआरआई के कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने कहा कि चित्रकूट, जो कि मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित एक अत्यंत महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिक क्षेत्र है, अपनी जीवनरेखा माँ मंदाकिनी नदी के लिए प्रसिद्ध है।

### कार्यशाला में ये रहे उपस्थित

इस कार्यशाला में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के निदेशक डॉ अजीत कुमार विद्यार्थी, प्रसिद्ध पर्यावरणविद एवं परिस्थितिकीविद प्रो सीआर बाबू दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ अनूप चतुर्वेदी वैज्ञानिक एवं रूपेंद्र कुमार वैज्ञानिक केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल, डॉ फैयाज अहमद खुदसर वैज्ञानिक यमुना डाइवर्सिटी पार्क, कमल तिवारी मैनेजिंग डायरेक्टर/ सीईओ डायकी एक्सेस प्राइवेट लिमिटेड, प्रो ए ए काजमी आईआईटी रुड़की, डॉ प्रवीण कुमार निदेशक गंगा मिशन, वितुष लूथरा सेंट्रल पब्लिक हेल्थ एंड एनवायरमेंट इंजीनियरिंग संगठन, अंकित सोनी मुख्य नगरपरिषद अधिकारी, अभय महाजन संगठन सचिव दीनदयाल शोध संस्थान , वसंत पंडित कोषाध्यक्ष दीनदयाल शोध संस्थान आदि प्रमुख उपस्थित रहे।

## सुहोला सरपंच मदन कोल को पितृ शोक

**नवभारत न्यूज**

**अमदरा 25 अप्रैल, भाजपा मंडल अमदरा के महामंत्री एवं ग्राम सुहोला के सरपंच मदन कोल के पिता दयाराम कोल उम्र लगभग 90 वर्ष का बीती रात निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।**

स्व. दयाराम कोल एक सम्मानित एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे, जिनके निधन से परिवार सहित पूरे ग्राम में गहरा दुख है। इस दुखद अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रभान पटेल, अवधेश परौहा, रमाकांत दुबे, कामता सोनी,मनोज तिवारी शिवकुमार शुक्ला सुजीत शिवहरे, मंडल अध्यक्ष कैलाश सोनी दीपू तिवारी विष्णु तिवारी पंचम शर्मा इंद्रमणि मिश्रा राजेश साहू शिवम साहू एवं अरविंद गर्ग सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी शामिल हैं।

सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## मरणोपरांत परिजनों ने कराया नेत्रदान,दो जिदंगियों को मिलेगी नेत्र ज्योति

### समाज के हर व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में आना चाहिए आगे : डॉ इलेश जैन

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 25 अप्रैल, वैसे तो लोग रक्तदान कर दूसरों को जिंदगी देते है जो अब यह आम बात है।अगर कोई अंग दान कर किसी को नई जिंदगी दे तो शायद इससे बड़ा कोई परोपकार नही हो सकता है।**

ऐसा ही ही वाक्या देखने को को मिला श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में कार्यरत रहे अजय सिंह का आकस्मिक निधन हो गए, उनके निधन के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती शकुंतला सिंह और उनके परिजनों ने मरणोपरांत नेत्रदान जैसा महादान करके एक पुनीत कार्य किया है उनकी पत्नी ने बताया कि मेरे स्व.पति के भाई सारे परिवार की इच्छा थी कि हम लोग उनको तो जिंदा नहीं



कर सकते पर नेत्रदान करके उनकी आंखों को तो जिंदा रख सकते है और उनकी आंखों से दो परिवार इस दुनिया को देख सकते है इससे बड़ा क्या पुण्य होगा। इसलिए उनकी मृत्यु के पश्चात हमने अपने सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के आई बैंक की टीम को सूचना दी और उनका नेत्रदान कराया है जो महादान की श्रेणी में आता है।सूचना के मिलते ही तत्काल चिकित्सीय टीम पहुंच गई और नेत्रदान की प्रक्रिया को पूर्ण किया। वही सदगुरू नेत्र चिकित्सालय टीम ने बताया कि इस नेत्रदान से दो लोगों को नई रोशनी मिलेगी। चित्रकूट क्षेत्र वासियों सहित आम जनमानस के लिए यह एक सीख है कि किसी ने मरणोपरांत अपने परिवार के सदस्य का नेत्रदान कराया है। वही सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने पुण्य आत्मा के लिए प्रार्थना करते हुए नम आंखों से कहा कि हमारे सदगुरू परिवार के सदस्य रहे अजय सिंह का इस तरह आकस्मिक हम सबको छोड़कर जान पूरे सदगुरू परिवार के लिए बहुत ही दुखद और असहनीय है। डॉ जैन ने उनकी धर्म पत्नी और बच्चों को धैर्य और ढाहस बंधाते हुए कहा कि उनकी क्षति तो कोई भी पूर्ण नहीं कर सकता, मगर आप लोग कभी भी अपने आपको अकेला मत समझिएगा पूरा सदगुरू परिवार आपके साथ है। वही नेत्रदान को लेकर महिला समिति की अध्यक्षा श्री मती उषा जैन एवं निदेशक डॉ इलेश जैन ने उनके परिवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके परिवारजनों की सराहना करते हुए कहा कि नेत्रदान बहुत ही पुनीत कार्य है इस पुनीत कार्य के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए और इस पुनीत कार्य में भागेदारी निभाना चाहिए, साथ ही समाज में नेत्रदान को लेकर फैली कुरीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम भी समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है,अगर इस उद्देश्य के साथ हर कोई काम करेगा तभी हम अपने समाज और देश से अंधत्व को कम करने का काम कर सकते हैं। वहीं इस पुनीत कार्य से पूरा सदगुरू परिवार भी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है।